प्रादेशिक समाचार
03.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने नई दिल्ली में प्रदान किये राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार, पाकुड़ की झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत को महिला हितैषी पंचायत श्रेणी में देश भर में दूसरा स्थान।

2. मुख्यमंत्री ने की खान एवं भू–तत्व विभाग की समीक्षा, 300 बालू घाटों को जल्द चालू करने और राज्य में गोल्ड माइनिंग तथा नए कोल ब्लॉकों के ऑक्शन की प्रक्रिया तेज करने के दिए निर्देश।

3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बालू की किल्लत और कालाबाजारी के लिए राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेदार, पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

4. राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के तहत राज्य भर के कृषि विज्ञान केंद्रों में किसान जागरूकता कार्यक्रम शुरू, किसानों को मिट्टी की सेहत सुधारने और संतुलित खाद के उपयोग के लिए किया जा रहा जागरूक।

5. अंडर–18 एशिया कप हॉकी में भारतीय पुरुष टीम ने चीनी ताइपे को 13–1 से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश, झारखंड के आशीष तानी पूर्ति ने दागी शानदार हैट्रिक।

*******************

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में देश की 42 पंचायतों को सम्मानित किया। इसमें झारखंड के पाकुड़ जिले की झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत ने महिला हितैषी पंचायत श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला सशक्तीकरण और कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पंचायत को यह गौरव मिला है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खान एवं भू–तत्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व बढ़ाने के लिए 300 बालू घाटों को जल्द चालू करने और नीलाम कोल ब्लॉकों को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अवैध खनन और बालू माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही, राज्य में गोल्ड माइनिंग को बढ़ावा देने, नए खदानों के ऑक्शन में तेजी लाने और जेएसएमडीसी और जेएमईसीएल को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में बालू की किल्लत और कालाबाजारी के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बालू के अवैध कारोबार में कमीशन फिक्स है और इस पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

*******************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए तेल विपणन कंपनियों को 10 हजार करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता देने की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह कोष विमानन टरबाइन ईंधन– एटीएफ की कीमतों को स्थिर करेगा। इस महत्वपूर्ण फैसले से भारतीय एयरलाइंस को वित्तीय मजबूती मिलेगी और विमानन क्षेत्र से जुड़े करीब 77 लाख रोजगार सुरक्षित रहेंगे।

*******************

रांची में आज प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा एकदिवसीय मीडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह राजपूत ने किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि देश में आईआईटी, एम्स, पीएसयू, परमाणु परीक्षण और पंचायती राज व्यवस्था जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियां कांग्रेस शासनकाल की ही देन हैं।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में आज नक्सल उन्मूलन और सुदूर क्षेत्रों के विकास को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। उपायुक्त मनीष कुमार, एसपी अमित रेणु और सीआरपीएफ डीआईजी विनोद कार्तिक ने सुरक्षा व कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में सारंडा और कोल्हान के दूरस्थ गांवों तक स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और सड़क संपर्क पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

*******************

गढ़वा सहित राज्य भर के कृषि विज्ञान केंद्रों में केन्द्र सरकार के राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के तहत विशेष किसान जागरूकता कार्यक्रम शुरू हो गया है। 30 जून तक चलने वाले इस महाअभियान का उद्देश्य पंचायत स्तर पर मिट्टी की जांच को बढ़ावा देना और फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व उपलब्ध कराना है। गढ़वा के डुमरो और नारायणपुर गांवों में आयोजित सत्र के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को मिट्टी की जलधारण क्षमता और फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए अजोला, नील हरित शैवाल और पीएसबी के उपयोग की महत्वपूर्ण सलाह दी।

*******************

चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम तरुण होरिया ने आज सरायकेला–खरसावां के कांड्रा जंक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के कार्यों की समीक्षा की। डीआरएम ने बताया कि कांड्रा जंक्शन को आधुनिक स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने और लिफ्ट लगाने की योजना पर काम जारी है।

*******************

धनबाद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा पर 120 स्वास्थ्यकर्मियों को आज नियुक्ति पत्र सौंपे गए। 18 विभिन्न पदों के लिए आयोजित परीक्षा के बाद चयनित एएनएम, स्टाफ नर्स और फार्मासिस्टों की तैनाती ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के अस्पतालों में की जाएगी। इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि इन नियुक्तियों से जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

*******************

विश्व साइकिल दिवस पर आज राज्यभर में कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। रांची में करीब 50 साइकिल चालकों ने 35 किलोमीटर लंबी जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के जरिए साइकिल चालकों ने स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और साइकिल अनुकूल शहर निर्माण का संदेश दिया। उधर, सिमडेगा में भी मेरा युवा भारत द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पेट्रोल बचाने का है, जिसमें साइकिल चलाकर हम सब अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

*******************

रांची सहित राज्य के कई जिलों में भीषण गर्मी और उमस का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले 24 घंटों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, डाल्टनगंज में सर्वाधिक 40 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जबकि हजारीबाग में सबसे ज्यादा 2 दशमलव 4 मिलीमीटर बारिश हुई।

*******************

अंडर–18 एशिया कप हॉकी में भारतीय पुरुष टीम ने चीनी ताइपे को 13–1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस मुकाबले में झारखंड के आशीष तानी पूर्ति ने शानदार हैट्रिक जमाते हुए तीन गोल दागे, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। झारखंड के ही प्रेमचंद सोय ने भी एक गोल कर भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम योगदान दिया।

********समाप्त***********